卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त


हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 168 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦26 मार्च 2026 ♦मूल्य दो रूपया

UTTARANCHAL DARPAN


## अष्टम नवरात्र



नवरात्र के आठवें दिन मां भगवती के महागौरी स्वरूप की पूजा की जाती है। इस दिन कन्या पूजन करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है।

# कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए सरकार संकल्पबद्ध: धामी

### जौलीग्रांट से पिथौरागढ़ के लिए 42 सीटर विमान सेवा का मुख्यमंत्री ने किया शुभारम्भ



देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर देहरादून- पिथौरागढ़- देहरादून विमान सेवा का दीप जलाकर और हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि रामनवमी के शुभ अवसर पर देहरादून से पिथौरागढ़ के लिए 42 सीटर विमान सेवा शुरु होने से पिथौरागढ़-देहरादून का सफर एक घंटे में पूरा हो सकेगा। उन्होंने कहा कि यह विमान सेवा सामरिक रूप से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय था जब हवाई यात्रा करना केवल विशिष्ट और सम्पन्न वर्ग के लोगों के लिए ही संभव माना जाता था। परंतु आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हवाई चप्पल पहनने वाला आम नागरिक भी हवाई यात्रा कर सकता है। प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2016 में उड़ान योजना की शुरुआत कर देश में नागरिक विमानन के क्षेत्र में एक नई क्रांति का सूत्रपात किया था। जिसके माध्यम से ओर छोटे शहरों, दूरस्थ और सीमांत क्षेत्रों को हवाई नेटवर्क (शेष पृष्ठ सात पर)

# गाजे बाजों के साथ पहुंचा माता का डोला, अटरिया मेला शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्राचीन अटरिया देवी मंदिर में आज धार्मिक अनुष्ठानों के बीच मां अटरिया का डोला पहुंचने के साथ ही अटरिया मेले का शुभारम्भ हो गया।



इससे पूर्व रम्पुरा स्थित मां अटरिया मंदिर से महंत पुष्पा देवी की अगुवाई में मां अटरिया देवी की प्रतिमा को सुसज्जित डोली में विराजमान किया गया। जिसके बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ जयघोषों के बीच डोला भव्य शोभा यात्रा के रूप में रवाना हुआ। शोभायात्रा में कई झांकियां भी प्रदर्शित की गई थीं। शोभा यात्रा त्रिशूल (शेष पृष्ठ सात पर)

# कार-बाइक की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

खटीमा(उद संवाददाता)। चकरपुर-बनबसा मार्ग पर बुधवार देर रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा



सामने आया, जिसमें मोटर साइकिल सवार दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद बाइक कार के बोनट को चीरते हुए अंदर तक घुस गई, जबकि मोटर साइकिल बीच से दो टुकड़ों में बंट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुर्घटना चकरपुर स्थित जागबुड़ा पुल के बीच उस समय हुई जब तेज रफ्तार बाइक विपरीत दिशा से आ रही कार से टकरा गई। टक्कर की तीव्रता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बाइक सीधे कार के अंदर जा घुसी। दोनों



युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। कार सवार लोगों ने पुलिस को बताया कि मोटर साइकिल की गति अत्यधिक तेज थी, जिसके चलते यह भयावह हादसा हुआ।पुलिस ने मृतकों की पहचान खटीमा के वार्ड 13 निवासी नावेद खान और नमन के रूप में की है। दोनों के शवों को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस जांच में जुटी है।

# महिला ने घर में फंदे से लटककर दी जान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी थाना क्षेत्र के जज फार्म में एक महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। गुरुवार की सुबह जब 10वीं में पढ़ने वाले बेटे की नींद खुली, तो मां को फंदे पर लटका देख उसकी चीखें निकल गईं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 44 वर्षीय विमला सती अपने बेटे के साथ जज फार्म स्थित एक मकान के ऊपरी तल पर किराए पर रहती थीं। जिस मकान में वह रहती थीं, उसके मालिक पिछले कुछ महीनों से सपरिवार बाहर गए हुए थे और घर की देखरेख की



जिम्मेदारी विमला सती को ही सौंप रखी थी। गुरुवार सुबह जब बेटा सोकर उठा और उसने मां को कमरे में नहीं पाया, तो वह उनकी तलाश करने लगा। मकान मालिक के कमरे का दरवाजा खुला देख जब वह अंदर पहुंचा, तो वहां का मंजर देख उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। विमला सती का शव पंखे के सहारे फंदे से लटक रहा था। बेटे के शोर मचाने पर आस-पड़ोस के लोग मौके पर जमा हो गए और तुरंत पुलिस को सूचित किया गया। मुखानी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि महिला पिछले काफी समय से मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। दुखद पहलू यह भी है कि बीते वर्ष जून माह में महिला के पति ने भी टांडा जंगल में जाकर आत्महत्या कर ली थी, जिसके बाद से परिवार गहरे सदमे में था। पुलिस ने मृतका के घर से सुसाईड नोट बरामद किया है।(शेष पृष्ठ सात पर)

# बाइक सवार किशोर के गर्दन में घुसा एंगल, दर्दनाक मौत

### क्षतिग्रस्त डिवाइडर के खूनी एंगलों ने ली किशोर की जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नेशनल हाईवे पर निर्माणाधीन सड़क और कार्यदायी संस्था की घोर लापरवाही एक बार फिर काल बन गई। बुधवार की देर रात सब्जी मंडी गेट के सामने एक दर्दनाक हादसे में बाइक सवार किशोर की गर्दन में डिवाइडर का लोहे का एंगल घुस गया, जिससे उसकी मौके पर ही तड़प-तड़प कर मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और क्षेत्र के लोगों में एनएच के ठेकेदार व





प्रशासन के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिवनगर ट्रांजिट कैंप वार्ड नंबर 7 निवासी सचिन राठौर (16 वर्ष) पुत्र रामानंद राठौर राठौर बुधवार रात करीब 11:30 बजे अपने एक साथी के साथ मोटर साइकिल से घर लौट रहा था। जैसे ही उनकी बाइक नैनीताल हाईवे पर सब्जी मंडी गेट के सामने पहुंची, वहां पहले से क्षति ग्रस्त पड़े डिवाइडर से बाइक टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डिवाइडर से लोहे के नुकीले एंगल बाहर की ओर निकले हुए थे। बाइक टकराते ही एक लोहे का एंगल सीधे सचिन की गर्दन में जा घुसा। हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने आनन-फानन में लहू लुहान सचिन को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन घाव इतना गहरा था कि डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाइक पर सवार दूसरा युवक भी घायल हुआ है, जिसे चेहरे पर चोटें आई हैं। हादसे (शेष पृष्ठ सात पर)

# फैक्ट्री में काम करते समय गिरने से श्रमिक की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में बुधवार को कार्य के दौरान एक श्रमिक ऊंचाई से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसने उपचार



के दौरान निजी चिकित्सालय में दम तोड़ दिया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम बरा खास थाना मिलक रामपुर निवासी 17 वर्षीय फैजान पुत्र इसरार यहां सिडकुल की एक फैक्ट्री में ठेकेदार के अधीन काम करता था। बताया जाता है कि बुधवार को वह काम करने के दौरान अचानक ऊंचाई से नीचे आ गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए तत्काल निजी चिकित्सालय ले जाया गया। जहां फैजान ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। बताया जाता है कि मृतक फैजान की तीन बहनें व एक छोटा भाई है। जबकि पिता इसरार पूर्व में हुए सड़क हादसे में दोनों टांगों से लाचार हैं।

# 60 लाख की स्मैक के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी। उत्तराखंड को नशामुक्त बनाने के लक्ष्य के तहत चलाए जा रहे ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन" में नैनीताल पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी




है। एसओजी और हल्द्वानी पुलिस की संयुक्त टीम ने 60 लाख रुपये से अधिक कीमत की स्मैक के साथ एक महिला तस्कर को दबोचा है। एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टीसी ने बताया कि जिलेभर में चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान यह सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल और क्षेत्राधिकारी अमित (शेष पृष्ठ सात पर)

# अष्टमी और नवमी पर घर घर हुआ कन्या पूजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। चैत्र मास के पावन नवरात्र पर्व पर आज अष्टमी व नवमी पर श्रद्धालुओं द्वारा विधि विधान से मां महागौरी व मां सिद्धि दात्रि की पूजा अर्चना की गई साथ ही कन्या पूजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने मां महागौरी व मां सिद्धिदात्रि को नारियल, चुनरी, ध्वज, पान, सुपारी, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती, मेवा इत्यादि समर्पित कर मां की पूजा अर्चना की। जिसके पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा अपने आवास, प्रतिष्ठान व मंदिरों में कन्याओं का विधि विधान से





पूजन किया गया। जिसमें कन्याओं के चरण धोकर उन्हें चुनरी ओढ़ाकर पूजा की तथा उन्हें प्रसाद खिलाकर आर्शीवाद प्राप्त किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने कन्याओं को कई उपहार भी भेंट किये। उधर नवरात्र के नवमी पर्व पर नगर के सभी मंदिरों में श्री रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मंदिरों में कई धार्मिक आयोजन आयोजित किये गये। किच्छा मार्ग पर मानव कुष्ठ आश्रम में अखंड रामायण पाठ, हवन जाप, अखण्ड महामंत्र व भंडारा आयोजित किया गया। श्री दुर्गा मंदिर खेड़ा, मंदिर मनकामेश्वर, श्री अटरिया देवी मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री चौरासी घंटा मंदिर, श्री शिव मंदिर सहित ट्रांजिट कैम्प, आदर्श इंदिरा (शेष पृष्ठ सात पर)

# मेला मेला मेरी शेरां वाली दा मेला..भगवती जागरण में माता के भजनों की धूम





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। चैत्र मास के पावन नवरात्र पर्व के सातवें दिवस पर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्री सनातन धर्म सभा एवं श्री सनातन युवा मंच द्वारा संयुक्त रूप से मां भगवती का विशाल जागरण आयोजित किया गया। जिसमें भजन गायक कलाकारों ने माता के भजन सुनाकर उपस्थित सभी भक्तों को भक्ति में सराबोर कर दिया। सर्वप्रथम जजमान सतीश सुखीजा, आशा सुखीजा, राकेश सुखीजा, हिमांशु सुखीजा, शुभम, लक्की गाबा, जतिन, नरेश शर्मा, सन्नी सुखीजा, पंकज सुखीजा, धीरज सुखीजा, अशोक सुखीजा, हरीश सुखीजा, गौतम, ऋषि सुखीजा, सोनू मदान, मनीश मदान, महेन्द्र छावड़ा, सागर छावड़ा, सक्षम छावड़ा, हरीश मदान ने पंडित सालिगराम पाण्डेय व नन्दकिशोर जोशी की अगुवाई में माता की विधि विधान से पूजा अर्चना की। जिसके पश्चात माता के जागरण का शुभारम्भ किया गया। भजन गायक अमित अरोरा ने गुरू वन्दना, गणेश वन्दना, देवी देवताओं का आव्हान व फूलों की वर्षा के भजन सुनाये। जिसके बाद स्थानीय भजन गायक शुभम सक्सेना ने लाल लाल चुनरिया सितारों वाली, प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, मां मैनूं बनाले सेवादार दरबार दा, आना ही आना है मेरे घर भी आना है, मैं मलया तेरा दर दातिए, तेरी लंका में आग लगा दूंगा, मेला मेला मेरा मेरी शेरां वाली दा, मैं ओढ़ के चुनरी लाल मैं नाचूं तेरे अंगना में, ओड़कर देख जरा किस्मत बन जायेगी आदि भजन सुनाये। इसके अतिरिक्त रामपुर से आये भजन गायक पिन्दर ने भी मां के भजन सुनाये। जिन्हें सुनकर सभी श्रद्धालु तालियां बजाते हुए मां की भक्ति में मग्न होकर नाचते रहे। मध्य रात्रि रात्रि तारा रानी की कथा के बाद प्रात:काल आरती की गई। जिसके पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान महेश बब्बर, ओम प्रकाश अरोरा, विजय जग्गा, अश्वनी बजाज, गौरव बेहड़, अमित अरोरा, मनोज मुंजाल, राकेश सुखीजा, राकेश राजदेव, विजय विरमानी, सुशील गाबा, किशन लाल नारंग, परमपाल सुखीजा, पवन गाबा, राजेश छावड़ा, सचिन मुंजाल, सुरेन्द्र रज्जी, मोहन भुड्डी, राजेन्द्र खनीजो, नरेश छावड़ा, साक्षी सुखीजा, किरन जग्गा, शशि अरोरा, सोनिया अरोरा, बीना बेहड़, पूर्वी बेहड़, सोनिया सुखीजा, आशा गाबा, मानूषी गाबा, संजय जुनेजा, राजकुमार सीकरी, राजकुमार भुसरी, हरीश ईश्पुजानी, अजय बंसल, श्वेता गाबा, विजय जुनेजा, कमल फुटेला, रोहित गोयल, साक्षी गोयल, मोहित बत्रा, साक्षी ग्रोवर, सुरेश जग्गा, रोहित जग्गा, गौरव जग्गा, गुरदीप सिंह गाबा, जतिन सुखीजा, सुमित बब्बर, सचिन तनेजा, गौरव तनेजा, पंकज सुखीजा, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, राजकुमार खनीजो, मनोज अरोरा, सुधीर अरोरा, पंकज बांगा, जुगनूं, राजेश अरोरा, पुष्पा ग्रोवर, आनन्द, रिंकू ग्रोवर, संजय ठुकराल, राजन राठौर, विपिन लूथरा, नरेन्द्र अरोरा, साक्षी अरोरा, नीलम ग्रोवर, हरीश गुम्बर, अमित बांगा, स्नेहा मिड्डा, डा. नारायण अदलखा, नरेश शर्मा, गुलशन नारंग आदि मौजूद थे।

## अवैध तमंचे व कारतूस के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार

काशीपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देश पर असमाजिक व अपराधी तत्वों के खिलाफ चलाएं अभियान के क्रम में जसपुर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध तमंचे व कारतूस बरामद किये हैं। गिरफ्तार बदमाशों से जरूरी पूछताछ के बाद उन्हें जेल रवाना कर दिया गया। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि धर्मपुर चौकी प्रभारी विजय सिंह पुलिस टीम के साथ रोजाना की भांति क्षेत्र में गश्त पर थे इसी दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर चौकी क्षेत्र से मंसा पट्टी जसपुर निवासी मनोज उर्फ सोनू पुत्र कलुआ तथा यही के अर्जुन सिंह पुत्र भोपाल सिंह को शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में दोनों के कब्जे से 315 बोर का एक-एक अदद अवैध तमंचा व एक एक अदद कारतूस बरामद किया। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए दोनों बदमाश शातिर किस्म के चोर है। दोनों के खिलाफ पूर्व में लगभग आधा दर्जन मुकदमे पंजीकृत है।

## श्री राम नवमी पर आवास विकास में होगा हवन एवं विशाल भंडारे का आयोजन

गदरपुर। श्री राम नवमी के पावन पर्व के अवसर पर आवास विकास स्थित श्री शिव पार्वती मंदिर में हवन एवं 27वें वार्षिक भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है।मंदिर समिति के अध्यक्ष राकेश भुड्डी और महामंत्री सतीश छाबड़ा के अनुसार, यह कार्यक्रम 27 मार्च 2026, शुक्रवार को आयोजित होगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 7:00 बजे हवन के साथ होगी, जिसके पश्चात दोपहर 12:00 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।आयोजकों ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं के सहयोग से यह आयोजन भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की गई है।

## घरेलू गैस की होम डिलीवरी नहीं होने पर प्रशासन सख्त

सितारगंज। घरेलू गैस की होम डिलीवरी नहीं होने पर प्रशासन ने गैस ऐजेंसी प्रबंधन पर नाराजगी जताते हुए आदेश का सख्ती का पालन करने के निर्देश दिये हैं। बुधवार को एसडीएम रविंद्र जुवांठा ने खाद्य अधिकारी, गैस एजेंसी प्रबंधकों, नोडल अधिकारियों की बैठक में आदेश का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। बुधवार को जिला प्रशासन की वर्चुअल मीटिंग के बाद प्रशासन होम डिलीवरी कराने के लिए जुट गया। एसडीएम ने कहा कि पहले से तैयार रूट प्लान के अनुसार ही घरों में गैस वितरित की जाए। रास्ते में कहीं कोई बाधा करता है तो पुलिस की मदद ली जाए। उन्होंने नोडल अधिकारियों से भी सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए। खाद्य अधिकारी डीएस धामी ने बताया कि सिंगल सिलेंडर के लिए 25 दिन में बुकिंग, डीबीसी कनेक्शन में 35 दिन की बुकिंग व उज्जवला गैस के लिए 45 दिन में बुकिंग होगी। वहीं बुधवार को शक्तिफार्म स्थित टैगोर नगर दुर्गा मंदिर प्रांगण में गैस लेने के लिए लोग लंबी लाइन में खड़े दिखाई दिए।

## दिव्यांग गोपाल साहनी को मिली बैटरी चालित ट्राई साइकिल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने विकास भवन में भगवानपुर रूद्रपुर निवासी गोपाल साहनी को बैटरी चालित ट्राई साइकिल प्रदान की। विदित हो कि 23 मार्च को सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गोपाल साहनी द्वारा ट्राई साइकिल उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध किया गया था। मामले का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने गोपाल साहनी की शारीरिक परेशानियों और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी को शीघ्र ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। जिलाधिकारी के इन्हीं निर्देशों के अनुपालन में त्वरित कार्यवाही करते हुए दिव्यांग जन को यह सहायता प्रदान की गई है। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध और विभाग के अन्य कर्मचारी व गणमान्य व्यक्ति मुख्य रूप से मौजूद रहे।



## युवक की मौत के मामले में बाइक चालक पर केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। काशीपुर रोड स्थित रेलवे ओवर ब्रिज पर एक भीषण सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाकर दुर्घटना करने वाले मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम जादौपुर, थाना शहजादनगर, जिला रामपुर निवासी जोगराज पुत्र पातीराम ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका छोटा भाई सुनील रूद्रपुर की गनेश इंजीनियरिंग कंपनी में नौकरी करता था। बीती 4 मार्च 2026 को सुनील अपनी स्कूटी संख्या यूके 04 यू 6949 से रूद्रपुर से दानपुर काशीपुर की ओर जा रहा था। शाम करीब 5 बजे जैसे ही वह रेलवे ओवर ब्रिज के पास पहुंचा, तभी सामने से गलत दिशा (रॉन्ग साइड) से आ रही मोटरसाइकिल संख्या यूपी 22 एएक्स 4109 के चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए सुनील की स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुनील गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद राहगीरों बन्टी व अजय ने आनन फानन में एम्बुलेंस बुलाकर घायल सुनील को जिला अस्पताल रूद्रपुर पहुंचाया। इसी बीच दुर्घटना करने वाला बाइक चालक मौका पाकर अपनी मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया। अस्पताल में उपचार के दौरान सुनील ने दम तोड़ दिया। प्रार्थी जोगराज ने बताया कि भाई के अंतिम संस्कार और अन्य धार्मिक क्रियाकलापों में व्यस्त होने के कारण वह अब रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मोटरसाइकिल संख्या यूपी 22 एएक्स 4109 के चालक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक संतोष कुमार द्वारा की जा रही है।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

गदरपुर। श्री सुहावा राम भुड्डी धर्मशाला में बीआर इंस्टयूट आफ मेडिकल साइंस द्वारा आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर मिंटू ने किया। शिविर में क्षेत्रवासियों के लिए विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ उठाया।इस अवसर पर सभासद रमन छाबड़ा, सचिन गुप्ता, अशोक भुड्डी, राजन



गुम्बर, दीपक ग्रोवर, धीरज बठला, आकाश कोचर सहित समस्त डॉक्टरों की टीम मौजूद रही। शिविर में लोगों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं उपचार संबंधी जानकारी भी दी गई।पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर मिंटू ने इस सराहनीय पहल के लिए आयोजकों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर समाज के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं और लोगों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## गदरपुर में बिजली चोरी के खिलाफ सख्त अभियान

गदरपुर। बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मंगलवार को गदरपुर के पंजाबी कॉलोनी क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान विभाग की टीम ने 50 से अधिक घरों की जांच की, जिसमें 19 घरों में बिजली चोरी के मामले पकड़े गए। कार्रवाई के दौरान विभागीय अधिकारियों ने मौके पर ही आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गदरपुर के अधीन अधिशासी अभियंता उमाकांत चतुर्वेदी के निर्देशन में यह अभियान चलाया गया। टीम ने पंजाबी कॉलोनी के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी कर अवैध कनेक्शन और मीटर में गड़बड़ी करने वालों को चिन्हित किया। जांच के दौरान कई उपभोक्ता बिना मीटर के सीधे लाइन से बिजली का उपयोग करते पाए गए, जबकि कुछ उपभोक्ताओं द्वारा मीटर में छेड़छाड़ कर कम रीडिंग दिखाई जा रही थी।अभियान के दौरान अधिशासी अभियंता प्रकाश चंद्र साह, विजिलेंस इंस्पेक्टर रतन सिंह, एसडीओ मनोज रस्तोगी, अवर अभियंता राकेश कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। टीम ने मौके पर ही बकायेदारों से राजस्व वसूली भी की और उपभोक्ताओं को भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता न करने की सख्त चेतावनी दी।विद्युत विभाग द्वारा चलाए गए इस अभियान के अंतर्गत लगभग 35 घरों में स्मार्ट मीटर भी लगाए गए, जिससे बिजली खपत की सटीक निगरानी हो सके और चोरी की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं को पारदर्शी बिलिंग का लाभ मिलेगा और विभाग को भी राजस्व हानि से बचाव होगा।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिजली चोरी के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम जनता से अपील की गई है कि वे ईमानदारी से बिजली का उपयोग करें और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि से दूर रहें।



## घर के बरामदे में बैठकर कच्ची शराब बेच रहे युवक को किया गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने भूरारानी क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर एक व्यक्ति को भारी मात्रा में अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने घर के बरामदे में बैठकर आटे के कट्टे में छिपाकर शराब बेच रहा था। पुलिस ने मौके से कुल 32 पाउच (लगभग 16 लीटर) कच्ची शराब बरामद की है।जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक दीपक बहुगुणा बुधवार को टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि भूरारानी चौराहे के पास वसुन्धरा इको पार्क के सामने कुछ लोग कच्ची शराब बेच रहे हैं, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। सूचना पर विश्वास करते हुए पुलिस टीम निजी वाहन से मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर वहां मौजूद भीड़ इधर-उधर भाग गई, लेकिन एक व्यक्ति घर के बरामदे में चारपाई पर बैठा दिखाई दिया। पुलिस को पास आता देख उसने दरवाजा बंद करने की कोशिश की, जिसे टीम ने तत्परता दिखाते हुए नाकाम कर दिया।पुलिस ने ई-साक्ष्य एप के माध्यम से मौके की वीडियोग्राफी करते हुए तलाशी ली। चारपाई के पास रखे एक प्लास्टिक के आटे के कट्टे से 32 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम ललित साहनी पुत्र दिवंगत नन्द किशोर साहनी निवासी भूरारानी चौराहा बताया। तलाशी के दौरान पुलिस ने देखा कि आरोपी के पैर में पट्टी बंधी थी और स्टैंड लगा था। आरोपी ने बताया कि करीब 10-15 दिन पहले कार दुर्घटना में घायल होने के कारण वह कोई काम नहीं कर पा रहा था, इसलिए भरण-पोषण के लिए शराब बेचने का काम कर रहा था।पुलिस ने बरामद शराब मेंसे नमूने के तौर पर एक लीटर शराब अलग निकालकर शेष माल को सील कर दिया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत मामला दर्ज किया गया है। टीम में उपनिरीक्षक दीपक बहुगुणा के साथ कांस्टेबल ताजवीर शाही और कांस्टेबल कृष्णा टम्टा शामिल थे।

### सूचना सम्बंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री रोशनी गलत संगत में पड़ गयी है , वह आये दिन घर में झगड़ा फसाद करती है, और जान से मारने की धमकी देती है। रोशनी के गलत क्रिया कलापों से दुखी होकर मैंने उससे समस्त रिश्ते नाते समाप्त कर लिये हैं और अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में रोशनी अपने अच्छे बुरे कार्य और लेन देन आदि के लिए स्वय जिम्मेवार होगी।

रतन लाल पुत्र नन्हे लाल निवासी-वार्ड 20, आवास विकास रूद्रपुर, उधम सिंह नगर

# नव पत्रिका प्रवेश के साथ सप्तमी पूजा संपन्न

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। रामनवमी के पावन अवसर पर महिला संगठन के तत्वावधान में आयोजित बसंती पूजा महोत्सव के दूसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस दौरान महिलाओं ने विधि-विधान के साथ नव पत्रिका रूपी बसंती देवी का पूजन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।बुधवार प्रात: दुर्गा मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्रित हुईं। यहां पुरोहित बनवाली चक्रवर्ती के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का प्रतीक मानी जाने वाली नव पत्रिका की स्थापना की गई। पारंपरिक रीति के अनुसार केले के वृक्ष में नव पत्रिका स्थापित कर उसका पूजन किया गया, जिसे मां शक्ति के रूप में विशेष महत्व दिया जाता है।पूजन के उपरांत महिलाओं ने नव पत्रिका का पवित्र स्नान कराया और उसे सुंदर वस्त्र एवं आभूषणों से सजाया। इसके बाद ष्जय माता दीष के गगनभेदी जयकारों के बीच महिलाओं ने नव पत्रिका को मंदिर परिसर में सात बार परिक्रमा



कराई। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति का वातावरण व्याप्त रहा और श्रद्धालु भाव-विभोर नजर आए। परिक्रमा पूर्ण होने के बाद नव पत्रिका को गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष विधिवत स्थापित किया गया। तत्पश्चात मां बसंती देवी को महाभोग अर्पित कर भव्य आरती की गई। आरती में शामिल श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में शीश नवाकर परिवार एवं समाज की खुशहाली की प्रार्थना की।मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और श्रद्धा ने पूरे आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि महोत्सव के आगामी दिनों में भी विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।इस मौके पर शिखा ढाली, प्रभा राय, स्वीटी चक्रवर्ती, दीपाली बैरागी, मीना मंडल, राधा विश्वास, हेमा चक्रवर्ती, जमुना मंडल, सावित्री मंडल, शोष्ठि ढाली, शिवानी स्वर्णकार, नीतू मंडल, पारुल मंगल, रीता गाइन, गीता हालदार, सोनिया हालदार, इति मंडल, रतना विश्वास, सुरोवाला देवी, अष्टमी शील, सरस्वती विश्वास उर्फ लाली, अनिंदिता सरकार, सुधा चक्रवर्ती, फूल कुमारी, बसंती चक्रवर्ती, कल्पना मंडल, लक्ष्मी चंपा बैरागी विनीता बैरागी प्रीति बैरागी सुजाता राय ज्योति ढाली, अन्ना सिकदार. अनुराधा मलिलक, डा सुधीर राय, मृत्युंजय सरकार, रवि सरकार, गोविंद मंडल आदि मौजूद रहे।

# गदरपुर में 'ग्लैमर जोन' बुटीक का भव्य शुभारम्भ

गदरपुर। वार्ड नंबर 6, गूलरभोज रोड स्थित अनु ग्रोवर के नए प्रतिष्ठान 'ग्लैमर जोन' बुटीक का आज विधिवत शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर गदरपुर पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर मिन्टू, भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा, श्री अद्वैत स्वरूप आश्रम की बाई जी एवं ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने अनु ग्रोवर एवं उनके परिवार को नए प्रतिष्ठान के शुभारम्भ पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के नए व्यवसाय क्षेत्र के विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैंइस मौके पर हंसराज ग्रोवर, दीपक ग्रोवर, आकाश कोचर, सुखदेव ढींगड़ा, सोनू गुम्बर, पूनम ग्रोवर सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने नए बुटीक के सफल संचालन की कामना की।



# ट्रांजिट कैम्प से भगाई नाबालिग बरामद, दो युवक गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र से बहला फुसलाकर भगाई गई नाबालिग को बरामद कर आरोपी दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल मोहन चन्द्र पाण्डे ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध और अपराधियो के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देशानुसार कोतवाली ट्राजिट कैम्प पुलिस टीम द्वारा नाबालिक किशोरी को बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया 22 मार्च को लापता नाबालिग के पिता द्वारा अपनी नाबालिक पुत्री के 10 मार्च के गुम हो जाने के सम्बन्ध मे कोतवाली ट्राजिट कैम्प मे सूचना दर्ज करायी गयी। मामले में विवेचना पर कार्यवाही करते हुए सर्विलाश की मदद से गुमशुदा की तलाश उत्तर प्रदेश, दिल्ली आदि राज्यो मे तलाश हेतु दबीस दी गयी। जिसके बाद पुलिस ने मुखबीर और सर्विलाश की मदद से नाबालिक बालिका गुमशुदा को बरामद कर लेक पैराडाईड के पास से मामले में आरोपी अभियुक्तगण नरेश शर्मा उर्फ सन्नी पुत्र रमेश चन्द्र शर्मा निवासी कृष्णा कालोनी वार्ड 2, ट्रांजिट कैम्प और अमित कुमार शर्मा पुत्र शिशु पाल शर्मा निवासी शिवनगर वार्ड 8 ट्रांजिट कैम्प को गिरफ्तार कर लिया। दोनों अभियुक्त को न्यायालय मे पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक अकरम अहमद व नेहा ध्यानी, अपर उप निरीक्षक चन्द्र प्रकाश बबाढी, एसओजी के भूपेंद्र व सर्विलांस सेल के जगमोहन गौढ शामिल थे।



# करोड़ों की धोखाधड़ी का फरार आरोपी गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता) करोड़ों की जमीन धोखाधड़ी के एक मामले में वांछित अभियुक्त को चोरगलिया थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टीसी द्वारा जिले में जालसाजों और धोखाधड़ी करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे कड़े अभियान के तहत चोरगलिया थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने जमीन के नाम पर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि श्रीमती कमला देवी निवासी नवाबी रोड, हल्द्वानी एवं अन्य द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध जमीन की बिक्री और रजिस्ट्री के नाम पर लगभग एक करोड़ चवालीस लाख उनचास हजार रुपये की धोखाधड़ी करने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया गया था। उक्त मामले में थाना चोरगलिया में अभियोग पंजीकृत किया गया, जिसमें अभियुक्त लगातार फरार चल रहा था। मामले में कार्रवाई करते हुए प्रभारी निरीक्षक थाना चोरगलिया हरपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए फरार अभियुक्त दीपांशु बेलवाल पुत्र स्व०नारायण दत्त बेलवाल, निवासी सुरन्दरपुर बेलवाल, गौलापार, थाना चोरगलिया, को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुनील गोस्वामी व हेड कांस्टेबल मलखान सिंह शामिल थे।



# अवैध तमंचा व कारतूस के साथ संदिग्ध गिरफ्तार

गदरपुर। कोतवाली गदरपुर पुलिस ने अवैध शस्त्र के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक व्यक्ति को तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के निर्देश पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में 25 मार्च 2026 को प्रभारी निरीक्षक गदरपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान कलकत्ता चौराहे से कुआं खेड़ा मार्ग पर श्मशान घाट के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध 15 बोर तमंचा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आरिफ पुत्र नूर हसन निवासी ग्राम रायपुर मजरा हसीन गंज, थाना स्वार, जनपद रामपुर (उत्तर प्रदेश) बताया। आरोपी ने बताया कि वह नशे का आदी है और अपनी सुरक्षा के लिए तमंचा रखा हुआ था।पुलिस ने आरोपी को धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध एफआईआर संख्या 97/2026 दर्ज कर ली है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा तथा उसके आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक, उपनिरीक्षक विजय कुमार (प्रभारी चौकी सकेनिया), हेड कांस्टेबल चैतन्य सुयाल एवं कांस्टेबल जीवन चंद्र शामिल रहे।



# हल्द्वानी नगर निगम की दुकानों का बढ़ेगा किराया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम की कार्यकारिणी बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट पर अहम निर्णय लिए गए। महापौर गजराज सिंह बिष्ट और नगर आयुक्त परितोष वर्मा की अध्यक्षता व अपर नगर आयुक्त गणेश भट्ट और मार्केटिंग अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित इस बैठक में जहां निगम की आय बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाए गए, वहीं करदाताओं को राहत देने वाले फैसले भी लिए गए हैं। बैठक में नगर निगम के स्वामित्व वाली दुकानों के किराए में वृद्धि का निर्णय लिया गया। यह कदम निगम की राजस्व वृद्धि को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है, जिससे नगर विकास कार्यों को गति मिल सके। इसके साथ ही कई नामांतरण प्रस्तावों को भी स्वीकृति प्रदान की गई। नगर निगम में हाल ही में शामिल किए गए क्षेत्रों के व्यवसायिक भवन स्वामियों को बड़ी राहत दी गई है। ऐसे भवन मालिक यदि 31 मार्च 2026 से पहले अपना संपत्ति कर जमा कर देते हैं, तो उन्हें 25 प्रतिशत की छूट का लाभ मिलेगा।नगर निगम ने समय पर कर भुगतान को बढ़ावा देने के लिए भी विशेष योजना लागू की है। जिन भवन करदाताओं पर 1 अप्रैल 2026 तक कोई बकाया नहीं होगा, उन्हें आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में 31 जुलाई 2026 तक भवन एवं स्वच्छता कर जमा करने पर 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।



# मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी रामनवमी की शुभकामनाएं

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रामनवमी के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री राम हमारी आस्था के प्रतीक हैं और उनका आदर्श चरित्र हमें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उनका व्यक्तित्व धैर्य, मर्यादा, त्याग, तपस्या, नैतिक आचरण, सदाचार एवं परोपकार जैसे गुणों का अनुपम उदाहरण है।मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री राम ने अपने जीवन की प्रत्येक कठिनाई का सामना जिस आदर्श और धैर्यपूर्ण तरीके से किया, वह सम्पूर्ण मानव समाज के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का प्रयास करें।उन्होंने कामना की कि रामनवमी का यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए।



# कांग्रेस से चुनाव लड़ने की घोषणा आश्चर्यजनक : मीना

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री और पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने भाजपा के पूर्व विधायक राज कुमार ठुकराल के उस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, जिसमे वह कई पोर्टल चैनल पर कांग्रेस से विधानसभा चुनाव लड़ने का एलान करते हुए दिखाई दे रहे है। श्रीमती शर्मा ने हैरानी व्यक्त करते हुए कहा कि अभी ठुकराल कांग्रेस में शामिल भी नही हुए है और किसके इशारे पर वह रुद्रपुर विधान सभा से विधायक का चुनाव लड़ने का दम्भ भर रहे है। श्रीमती शर्मा ने आश्चर्य व्यक्त किया की पार्टी हाईकमान द्वारा अभी किसी भी विधान सभा का प्रत्याशी घोषित नही किया गया है, परंतु पूर्व विधायक ठुकराल किस आधार पर रुद्रपुर से कांग्रेस से चुनाव लड़ने की बात कर रहे है। श्रीमती शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल से उम्मीद जताई है कि वह इस मामले में अपना पक्ष भी जरूर रखे, जिस से सच्चाई सामने आ सके।










'जय माता दी' 'जय बाबा की'

पावन नवरात्र के उपलक्ष्य में श्री बालाजी दरबार एवं

माता की चौकी

स्थान:- श्री चांद किशन शर्मा, श्री विकास शर्मा
श्री नीलकंठ धाम शैलजा फार्म रूद्रपुर, आज रात्रि 8 बजे से

निवेदक:-विकास शर्मा एवं सभी भक्त जन श्री नीलकंठ धाम चैरिटेबल ट्रस्ट, रूद्रपुर एवं उत्तरांचल दर्पण परिवार


जनजातीय कार्य मंत्रालय
MINISTRY OF TRIBAL AFFAIRS
GOVERNMENT OF INDIA
राज्य जनजातीय शोध संस्थान
उत्तराखण्ड देहरादून द्वारा
आयोजित
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
उत्तराखण्ड राज्य
जनजातीय
महोत्सव
2026
दिनांक: 25-27 मार्च, 2026
स्थान: परेड ग्राउंड, देहरादून
प्रदर्शनी का समय
प्रातः 11:00 बजे से
रात्रि 10:00 बजे तक
|| प्रवेश निःशुल्क ||
सांस्कृतिक कार्यक्रम
सायं 06.00 बजे से
रात्रि 10.00 बजे तक
मुख्य कार्यक्रम
गायन प्रस्तुति
नरेंद्र सिंह नेगी, किशन महिपाल, नरेश बादशाह
25 मार्च
रोहित चौहान, ललित मोहन जोशी, जितेंद्र तोमक्याल और टीम
26 मार्च
विवेक नौटियाल, सनी दयाल और ललित गित्यार
27 मार्च
राज्य एवं अन्तर्राज्य जनजातीय कला, संस्कृति एवं हस्तशिल्प की विशाल प्रदर्शनी
खूबसूरत हस्तशिल्प, जनजातीय उत्पाद... और लजीज पारंपरिक खाने का मज़ा!
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in
uttarakhandDIPR
DIPR_UK
uttarakhand DIPR

# धूमधाम से मना मीडिया क्लब के अध्यक्ष मुकेश पाल का जन्मदिन



गदरपुर/दिनेशपुर। गदरपुर रोड दिनेशपुर सहित पूरे क्षेत्र में मीडिया क्लब अध्यक्ष मुकेश पाल का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों के साथ-साथ पत्रकारों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। गदरपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष जयकिशन के नेतृत्व में केक काटकर मुकेश पाल का जन्मदिन मनाया गया। वहीं दिनेशपुर में प्रेस क्लब अध्यक्ष दुलाल चक्रवर्ती एवं सभी सदस्यों द्वारा भी भव्य रूप से जन्मदिन समारोह आयोजित किया गया। गदरपुर में मीडिया क्लब के पत्रकार साथियों ने एकजुट होकर मुकेश पाल का जन्मदिन मनाया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने भी केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा कीं। सांसद प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर ने भी कार्यक्रम में शामिल होकर मुकेश पाल को बधाई दी और केक काटकर जन्मदिन मनाया। इसके अतिरिक्त नगर पालिका अध्यक्ष मनोज कुमार (मिन्टू) द्वारा भी जन्मदिन समारोह में सहभागिता कर मुकेश पाल को शुभकामनाएं दी गईं। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने मुकेश पाल के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की प्रार्थना की। कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह उत्सवमय रहा।
















## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय


सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# टिकट कैंसलेशन में बदलाव

भारतीय रेलवे ने टिकट रिफंड और कैंसिलेशन में बदलाव किया है। ट्रेन टिकट रद्द करने पर प्रस्थान से आठ घंटे पहले तक कोई रिफंड नहीं दिया जाएगा, जबकि पहले यह नियम चार घंटे का था। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि नया रिफंड नियम अप्रैल के पहले पखवाड़े से कभी भी लागू हो जाएगा। रेलवे क्षेत्र में सुधारों की घोषणा करते हुए वैष्णव ने कहा कि अन्य रिफंड स्लैब में भी संशोधन किया गया है।जहां एक ओर 24 से 8 घंटे के बीच रद्द करने पर टिकट की कीमत में 50 प्रतिशत की कटौती होगी, वहीं दूसरी ओर मौजूदा नियम के अनुसार 12 से 4 घंटे के बीच रद्द करने पर टिकट की कीमत में 25 प्रतिशत की कटौती होगी। इसी तरह, रेलवे प्रस्थान से 72 से 24 घंटे पहले रद्द करने पर टिकट की कीमत में 25 प्रतिशत की कटौती करेगा।ट्रेन के प्रस्थान से 72 घंटे से अधिक पहले किए गए कैंसलेशन के लिए प्रति यात्री एक निश्चित कैंसलेशन शुल्क को छोड़कर पूरी राशि वापस कर दी जाएगी। मौजूदा नीति के तहत, 48 से 12 घंटे के बीच किए गए रद्द करने पर टिकट की लागत में 25 प्रतिशत की कटौती होगी, जबकि 48 घंटे से अधिक पहले किए गए रद्द करने पर पूरी राशि वापस कर दी जाएगी।कुछ माह पहले जब लंबी दूरी की रेलगाड़ियों का किराया बढ़ाया गया था, तब यह उम्मीद थी कि यात्रियों की सुविधाओं और उनकी दिक्कतों पर भी ध्यान दिया जाएगा, लेकिन ऐसा कुछ देखने को नहीं मिला। अब सरकार के एक नए फैसले ने यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। नए नियमों के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति रेलगाड़ी के रवाना होने के निर्धारित समय से आठ घंटे पहले अपना टिकट रद्द कराता है, तो उसे कोई पैसा वापस नहीं मिलेगा। जबकि पहले यह समय सीमा चार घंटे की थी।कई बार ऐसा होता है कि लोगों को निजी कारणों से अंतिम समय में यात्रा रद्द करनी पड़ती है, मगर अब ऐसा करना जेब पर भारी पड़ेगा। हालांकि, सरकार का दावा है कि इससे प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों को सीट पाने के ज्यादा अवसर मिलेंगे और इससे टिकटों की कालाबाजारी पर भी रोक लगेगी। मगर सवाल है कि टिकटों की कालाबाजारी रोकने के लिए क्या कोई दूसरा रास्ता नहीं निकाला जा सकता था, जिससे आम यात्रियों को आपात स्थिति में टिकट रद्द कराने पर वित्तीय नुकसान न झेलना पड़े?यह निराशाजनक ही है कि रेलगाड़ियों के संचालन से लेकर सुविधाओं में व्यवस्थागत खामियों को दूर करने के बजाय यात्रियों के हितों को हाशिये पर रखा जा रहा है। इसमें दोराय नहीं कि लंबी दूरी की यात्रा के लिए रेलगाड़ियां आम आदमी की जीवन रेखा मानी जाती हैं। मगर इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि रेलवे के आधुनिकीकरण की कवायद के बीच यात्रियों की बुनियादी सुविधाओं में सुधार करने को आज भी प्राथमिकता नहीं दी जाती है।

# धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाया श्री राम नवमी पर्व

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री रामनवमी पर्व आज नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर श्री सनातन धर्म सभा रुद्रपुर के संरक्षण में संचालित श्री राम नवमी का पावन पर्व श्री लक्ष्मीनारायाण मंदिर एवं श्री हरि मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष में श्री राम कथा का आयोजन नगर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डा.अनिल दीक्षित के सौजन्य से प्रथम नवरात्र से श्री रामनवमी तक हुआ। श्रीधाम वृन्दावन से पधारे हुए कथा व्यास राजन दीक्षित ने अपने मधुर कथा से जन मानस को भाव विभोर किया। वासंती नवरात्र में माता की चौकी भी प्रतिदिन रात्रिकाल में सम्पन्न हुई। मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया। श्री राम जन्मोत्सव पर सभी भक्तों ने उत्सव का विशेष आनन्द प्राप्त किया। जन्मोत्सव पर महावीर दल के सौजन्य से भगवान राम सहित चारों भाईयों की सुन्दर दृश्य प्रस्तुत किया गया। नगर के सभी भक्तों ने कीर्तन भजन के माध्यम से अपनी मधुर भक्ति को प्रकट किया। स्त्री सत्संग सभा द्वारा बधाई गीत प्रस्तुत किया गया। भगवान श्रीराम के दर्शनार्थ भक्तों की भारी भीड मंदिर में उपस्थित रही। जन्म के उपरान्त आरती हुई तथा प्रसाद का वितरण किया गया। उत्सव में शामिल होने वाले भक्तों में सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर, नन्दलाल भुडी, विजय जग्गा, तिलक राज घई, रोहिताश बत्रा, विजय विरमानी, राकेश सुखीजा, सुरेश राजदेव, राकेश राजदेव तथा सभा के समस्त पदाधिकारी, सदस्य एवं महिला मंडली की अध्यक्षा श्रीमति शशि अरोडा, आकांशा अनेजा सहित सभी पदाधिकारी तथा सदस्य ,युवामंच के सभी पदाधिकारी तथा सदस्य उपस्थित रहे। सभा के महामंत्री ओम प्रकाश अरोरा ने अपनी सेवाएं अर्पित की तथा परिवार सहित उत्सव में भाग लिया।





# डॉ0 निर्मला जोशी की दो पुस्तकों का हुआ विमोचन

रानीखेत (उद संवाददाता)। स्व० श्री जय दत्त वैला स्व० संग्राम सेनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रानीखेत अल्मोड़ा में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के अवसर पर हिन्दी विभाग प्रभारी डॉ. निर्मला जोशी की दो महत्वपूर्ण पुस्तकों का भव्य विमोचन किया गया। यह संगोष्ठी यूकॉस्ट द्वारा प्रायोजित तथा देवभूमि उद्यमिता योजना के संयुक्त तत्वावधान में "उद्यमशीलता, नवाचार एवं सतत विकास" विषय पर महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित की गई। विमोचन समारोह के दौरान विद्वानों एवं अतिथियों ने डॉ० निर्मला जोशी की दोनों पुस्तको श्रीलाल शुक्ल के कथा साहित्य में चेतना का स्वरूप" और "भोजपुरी साहित्य में लोकजीवन की अभिव्यक्ति" को हिन्दी साहित्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समकालीन बताया। वक्ताओं ने कहा कि पहली पुस्तक में श्रीलाल शुक्ल के कथा साहित्य में निहित सामाजिक चेतना का गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है, जबकि दूसरी पुस्तक भोजपुरी साहित्य में लोकजीवन की सजीव झलक को उजागर करती है। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने पुस्तकों के विषयवस्तु की सराहना करते हुए इसे शोध एवं अध्ययन के लिए उपयोगी बताया। महाविद्यालय परिवार ने डॉ० निर्मला जोशी को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई दी तथा आशा व्यक्त की कि उनकी ये कृतियाँ हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेंगी। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।



# जनजातीय समाज के जीवन स्तर को सुधारने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत

## सीएम धामी ने देहरादून में राज्य जनजातीय महोत्सव में किया प्रतिभाग,लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की धनराशि

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परेड ग्राउंड, देहरादून में राज्य जनजातीय शोध संस्थान, उत्तराखंड द्वारा आयोजित उत्तराखंड राज्य जनजातीय महोत्सव 2026 में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर देश के 12 राज्यों से आए जनजातीय वर्ग के प्रतिनिधियों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और परंपराओं के माध्यम से महोत्सव को राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने थारू लोक गायिका स्वर्गीय रिंकू देवी राणा एवं श्री दर्शन लाल को 'आदि गौरव सम्मान' से सम्मानित किया। साथ ही, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 14,272.185 लाख रुपये की पेंशन 'वन क्लिक' के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि यह आयोजन केवल एक महोत्सव नहीं, बल्कि जनजातीय समाज की जीवंत विरासत, सादगीपूर्ण जीवन-दर्शन और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय समाज के सम्मान, स्वाभिमान और विकास के लिए अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही सुशासन की पहचान है। इसी सोच के तहत 'एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय', 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान', 'वन धन योजना' और 'प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन' जैसी योजनाएं लागू की गई हैं, जिनसे शिक्षा, रोजगार और आत्मनिर्भरता के नए अवसर सृजित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय ऐतिहासिक है। साथ ही, देशभर में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के संग्रहालय स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे नई पीढ़ी प्रेरणा ले सके। माणा जैसे दूरस्थ क्षेत्र को 'देश का प्रथम गांव' कहकर नई पहचान दी गई है। प्रतिवर्ष जनजातीय महोत्सव और जनजातीय खेल महोत्सव के आयोजन का निर्णय लिया गया है। प्रदेश के 128 जनजातीय गांवों को चिन्हित कर उनके समग्र विकास की दिशा में कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कालसी, मेहरावना, बाजपुर और खटीमा में एकलव्य विद्यालय संचालित हैं, जबकि चकराता और बाजपुर में नए विद्यालय निर्माणाधीन हैं। छात्रवृत्ति, आश्रम पद्धति विद्यालयों और तकनीकी शिक्षा के माध्यम से युवाओं को सशक्त किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनजातीय युवाओं के लिए आईटीआई संस्थान, प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु नि:शुल्क कोचिंग, तथा मासिक छात्रवृत्ति की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त, चार जनपदों में जनजाति कल्याण अधिकारियों की नियुक्ति, बेटियों के विवाह हेतु आर्थिक सहायता, तथा शोध संस्थान के लिए कॉर्पस फंड की स्थापना की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम जनमन योजना के अंतर्गत बुक्सा और राजी जनजाति क्षेत्रों में बहुउद्देशीय केंद्र स्थापित किए गए हैं। साथ ही, पिथौरागढ़ में नए एकलव्य विद्यालय के लिए केंद्र से अनुरोध किया गया है। उन्होंने बताया कि समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत 9 लाख से अधिक लाभार्थियों को मार्च माह की पेंशन के रूप में 142 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि जारी की गई है, जो सरकार की संवेदनशीलता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय युवाओं को यूपीएससी, पीसीएस और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु देहरादून में 'आदि लक्ष्य संस्थान' स्थापित किया जा रहा है, जिसमें बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण भी किया जाएगा।







# छह मौतों से रुद्रपुर में पसरा मातम, पोस्टमार्टम हाउस में उमड़ी भीड़

## समाजसेवी सुशील गाबा ने शोकाकुल परिजनों को बंधाया ढांढस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद मुख्यालय स्थित पोस्टमार्टम हाउस में गुरुवार को उस समय हृदय विदारक दृश्य उत्पन्न हो गया, जब विभिन्न दुर्घटनाओं और संदिग्ध परिस्थितियों में जान गंवाने वाले छह युवकों के शव एक साथ पहुंचे। मृतकों के परिजनों के चीत्कारों और करुण विलाप से पूरा वातावरण बेहद गमगीन हो गया। शहर के जाने माने समाजसेवी सुशील गाबा ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर सभी शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाते हुए गहरा दुख व्यक्त किया। समाजसेवी सुशील गाबा ने बताया कि शिवनगर वार्ड नंबर 7 निवासी सचिन राठौर पुत्र रामानंद की बीती रात सब्जी मंडी के पास एक दर्दनाक हादसे में मृत्यु हो गई। सचिन वेंडिंग जोन से एक पार्टी के बाद घर लौट रहे थे कि अचानक वाहन असंतुलित होने से उनके गले में लोहे का हिस्सा घुस गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने इस घटना पर संदेह जताते हुए कहा कि वाहन इस तरह असंतुलित नहीं हो सकता, इसलिए मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। एक अन्य सनसनीखेज मामले में आकाश तिवारी पुत्र सत्येन्द्र कुमार का शव सिडकुल ढाल के पास मिला है। शव पर नील के निशान होने के कारण परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से घटना के तत्काल खुलासे की मांग की है। इन घटनाओं के अतिरिक्त ग्राम छतरपुर निवासी परमानन्द, तहसील मिलक निवासी फैजान पुत्र इसरार (जिसकी एक होटल में काम के दौरान छत से गिरकर मौत हुई), जगतपुरा निवासी मोहन सिंह पुत्र शसर सिंह और एक अन्य अज्ञात व्यक्ति की भी अलग-अलग हादसों में मृत्यु हो गई। सुशील गाबा ने इन दुखद मौतों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एक साथ इतनी बड़ी संख्या में नौजवानों का जाना पूरे समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि एक युवा की मौत पूरे परिवार को मानसिक और आर्थिक रूप से तोड़ देती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि दुर्घटनाओं और अपराधों पर सख्ती से लगाम कसी जाए ताकि समाज में कानून का डर बना रहे और ऐसे हादसों को रोका जा सके।



# भ्रष्टाचार की 1732 शिकायतें लोकायुक्त की नियुक्ति के इंतजार में

## उत्तराखण्ड में लोकायुक्त न होने पर भी प्राप्त हुई 1096 शिकायतें

काशीपुर। उत्तराखंड में भले ही 12 सालों से अधिक समय से लोकायुक्त का पद रिक्त है लेकिन लोकायुक्त कार्यालय को लोक सेवको के विरूद्ध शिकायते लगातार प्राप्त हो रही है। इससें इस बात को बल मिलता है कि शिकायतों पर कार्यवाही की आशंका के चलते प्रदेश के जिम्मेदार लोक सेवको द्वारा लोकायुक्त की नियुक्ति में रूचि नही ली जा रही है जबकि इसके लिये सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट ने भी सख्त आदेश कर दिये हैं तथा भ्रष्टाचार के आरापों में विभिन्न वरिष्ठ अधिकारी तक जेल जा रहे है तथा सरकार लगातार जीरो टॉलेरेन्स का दावा कर रही है। बिना लोकायुक्त के लोकायुक्त कार्यालय पर 19.64 लाख रूपये से अधिक खर्च हो चुका है।काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने लोकायुक्त उत्तराखंड कार्यालय के लोक सूचना अधिकारी से उत्तराखण्ड लोकायुक्त कार्यालय में प्राप्त शिकायतों व उसके कार्यालय पर खर्च के संबंध में सूचनाये मांगी थी। इसकें उत्तर में लोक सूचना अधिकारी प्रमोद कुमार जोशी ने अपने पत्रांक 297 दिनाक 20 मार्च 2026 से शिकायतों व खर्च के विवरणो की प्रतियां उपलब्ध करायी है। इससे पूर्व भी लोकायुक्त लम्बित व प्राप्त शिकायकतों का वर्ष वार विवरण श्री नदीम को उपलब्ध सूचना उपलब्ध करायी गयी है।श्री नदीम को उपलब्ध विवरणों के अनुसार कुल 1732 कुल 1732 शिकायतें 20 मार्च 2026 कों लोकायुक्त कार्यालय में लोकायुक्त के इंतजार में लम्बित है। लोकायुक्त पद रिक्त होने की तिथि 01-11-2013 से सूचना उपलब्ध कराने की तिथि 20 मार्च 2026 तक कुल 1096 भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई है।श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार वर्ष 2022 से 2025 तक 118 शिकायतें प्राप्त हुई है। वर्ष 2026 में सूचना उपलब्ध कराने की तिथि तक प्राप्त शिकायतों की संख्या 15 हैं। लोकायुक्त का पद रिक्त होने की तिथि 01-11-2013 सें2021 तक प्राप्त शिकायतों में 01-11-2013 से 31-12-2014 तक 422, वर्ष 2015 में 181, वर्ष 2016 में 97, वर्ष 2017 में 86 वर्ष 2018 में 54, वर्ष 2019 में 67 कोविड महामारी के वर्ष में भी 24 शिकायतें (परिवाद) तथा 2021 में 22 शिकायतें प्राप्त हुई है। श्री नदीम को उपलब्ध करायी सूचना के अनुसार माननीय लोकायुक्त न्यायमूर्ति मदन मोहन घिल्डियाल की 31-10-2013 को सेवा निवृत्ति के उपरान्त लोकायुक्त उत्तराखंड में अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति का प्रकरण राज्य सरकार के स्तर पर प्रक्रियाधीन है। जनहित याचिका संख्या 161/2021 की गत 18 मार्च को सुनवाई करते हुये उत्तराखंड उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता तथा न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेशों के बाद भी लोकायुक्त की नियुक्ति न करने पर नाराजगी जताते हुये स्टेटस बताने के लिये 2 सप्ताह का समय दिया है। अगली सुनवाई 01 अप्रैल 2026 को निर्धारित की गयी है। इससे पूर्व 27 जून 2023 के आदेश से मुख्य न्यायाधीश व न्यायमूर्ति विपिन सांधी तथा न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की पीठ ने सरकार को लोकायुक्त नियुक्ति की प्रक्रिया अधिकतम 6 सप्ताह में पूर्ण करने के आदेश दिये थे। इस आदेश में सरकार की ओर से प्रस्तुत अपर सचिव ललित मोहन रयाल के शपथ पत्र का उल्लेख करते हुये लोकायुक्त पर वित्तीय वर्ष 2022-23 तक 29 करोड़ 73 लाख 99 हजार 44 रू. खर्च का उल्लेख किया था तथा इसमें यह भी उल्लेखित है कि सुप्रीम कोर्ट में जी.आई.एल सं0 57/2016 (अश्विनी कुमार बनाम उत्तराखंड राज्य) में सरकार द्वारा लोकायुक्त नियुक्ति के सम्बन्ध में आश्वासन दिया गया था जिसका पालन नहीं किया गया है। उत्तराखंड उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 27 जून 2023 के आदेश में उल्लेखित तथा श्री नदीम को उपलब्ध सूचना उपलब्ध कराने की तिथि तक वर्ष वार लोकायुक्त न रहने वाले वर्ष 2014-15 से 2025-26 ( 20 मार्च 2026 तक) कुल रू. 19 करोड़ 64 लाख 51 हजार 724 की धनराशि खर्च हुई है। इसमें वर्ष 2014-15 में 145.12 लाख, 2015-16 में 133.52, लाख, वर्ष 2016-17 में 176.89 लाख, वर्ष 2017-18 में 188.29 लाख, वर्ष 2018-19 में 213.46 लाख, वर्ष 2019-20 में 209.51, वर्ष 2020-21 में 198.48 लाख, वर्ष 2021-22 में 197.43, वर्ष 2022-23 में 244.48 लाख, वर्ष 2023-24 में 204.11, वर्ष 2024-25 में 128.69 तथा वर्ष 2025-26 में 69.51 लाख की खर्च धनराशि शामिल है।

# नई कार फाइनेंस कराकर हड़पने और फर्जी कागजों पर बेचने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दोस्ती का फायदा उठाकर नई कार फाइनेंस कराने और फिर उसे फर्जी कागजों के आधार पर दूसरे राज्य के डीलर को बेचने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कठोर कार्यवाही और अपना वाहन वापस दिलाने की गुहार लगाई है।माता फार्म नजीमाबाद, किच्छा निवासी जसवीर सिंह पुत्र प्रगट सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके दोस्त शिवम नागपाल ने उनकी मुलाकात फ्रेंड्स कॉलोनी, रूद्रपुर निवासी ध्रुव दुआ पुत्र केवल दुआ से कराई थी। जान पहचान होने के बाद ध्रुव ने जसवीर को झांसा दिया कि वह एक नई गाड़ी लेकर उसे कंपनी में लगवा देगा, जिससे अच्छी आमदनी होगी। ध्रुव की बातों में आकर जसवीर ने अपने नाम पर महिन्द्रा फाइनेंस से एक इनोवा क्रिस्टा कार संख्या यूके 06 एएल 3222 फाइनेंस कराई और ध्रुव दुआ को सौंप दी।आरोप है कि शुरुआत में ध्रुव ने गाड़ी की 2-3 किस्तें जमा कीं, लेकिन उसके बाद अपनी शारीरिक हालत ठीक न होने का बहाना बनाकर किस्तें देना बंद कर दिया। पीड़ित ने जब पड़ताल की तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। पता चला कि ध्रुव दुआ ने उक्त महंगी कार के फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसे दिल्ली के माध्यम से केरल निवासी एक कार डीलर तनजीर को बेच दिया है। पीड़ित ने बताया कि अब न तो उसके पास गाड़ी है और न ही बैंक की किस्तों का भुगतान हो रहा है, जिससे उसे भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस को सात दिन के भीतर जांच कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अब इस अंतरराज्यीय धोखाधड़ी के तार खंगालने में जुट गई है। तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# अवैध स्लॉटर हाउस पर पुलिस का छापा 31 किलो मांस बरामद, आरोपी दबोचा

गदरपुर। शहर में अवैध रूप से चल रहे स्लॉटर हाउस पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सनसनीखेज खुलासा किया है। देर रात पुलिस की छापेमारी में इस्लामनगर कब्रिस्तान स्थित मीट मार्केट में चोरी-छिपे भैंसों का वध कर मांस बेचने का गोरखधंधा पकड़ा गया। मौके से भारी मात्रा में मांस और अवशेष बरामद किए गए, जबकि एक आरोपी को रंगे हाथ दबोच लिया गया। रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर अपर उप निरीक्षक जितेन्द्र सिंह मेहरा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जैसे ही पुलिस ने दबिश दी, एक व्यक्ति कट्टा लेकर भागने और छिपने की कोशिश करता मिला, जिसे घेराबंदी कर तुरंत पकड़ लिया गया। तलाशी में पुलिस के होश उड़ गए। चार प्लास्टिक के कट्टों से करीब 31 किलो भैंस का मांस, खोपड़ी, जबड़े, सींग, दांत, खुर और अन्य अवशेष बरामद हुए। इसके अलावा मौके से चापड़, छुरी और लकड़ी का गुटका भी मिला, जिससे अवैध वध किए जाने की पुष्टि हुई। पकड़े गए आरोपी की पहचान नसीम (42), निवासी इस्लामनगर के रूप में हुई है। पूछताछ में वह कोई वैध लाइसेंस नहीं दिखा सका और कबूल किया कि वह चोरी-छिपे भैंस काटकर मांस बेचता था। मौके पर पहुंचे पशु चिकित्सक ने प्राथमिक जांच में बरामद मांस को भैंस का बताया। पुलिस ने सैंपल लेकर सील कर जांच के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश बताया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि अवैध कत्लखानों के खिलाफ अभियान और तेज किया जाएगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 धारा 11(1)(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## पेज एक का शेष...

**कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए...**से जोड़कर आम नागरिकों को सस्ती दरों पर हवाई सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने दो दिन पूर्व ही उड़ान योजना 2.0 को मंजूरी प्रदान की है। जिसके अंतर्गत, आगामी 10 वर्षों में लगभग 29 हजार करोड़ रुपये के बजट से 100 नए हवाई अड्डों और 200 नए हेलीपैड के विकास का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना का विस्तार विशेष रूप से टियर-2 और टियर-3 शहरों में क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने तथा दूरस्थ और पहाड़ी क्षेत्रों में सस्ती एवं सुगम हवाई सेवा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य के लिए हवाई सेवाएँ मात्र एक परिवहन का साधन नहीं, बल्कि जीवन रेखा बन चुकी है। दुर्गम और दूरस्थ अंचलों में आवश्यक सामग्री पहुँचाने से लेकर गंभीर रोगियों को त्वरित उपचार के लिए बड़े अस्पतालों तक लाने में हवाई सेवाएं कारगर साबित हो रही हैं। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वर्तमान में उड़ान योजना के अंतर्गत राज्य में 26 हवाई मार्गों का संचालन किया जा रहा है। राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों को हवाई कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए वर्ष 2023 में "उत्तराखण्ड एयर कनेक्टिविटी योजना" प्रारंभ की गई है। वर्तमान में इस योजना के अंतर्गत 6 हवाई मार्गों पर उड़ानों का नियमित संचालन किया जा रहा है। बीते चार वर्षों में प्रदेश में हेलिपोर्ट्स की संख्या 2 से बढ़कर 12 हो गई है। साथ ही, हेलीपैड की संख्या 60 से बढ़कर 118 हो चुकी है। उत्तराखंड को "बेस्ट स्टेट फॉर प्रमोशन ऑफ एविएशन इकोसिस्टम" जैसा राष्ट्रीय सम्मान भी प्राप्त हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून- पिथौरागढ़ हवाई सेवा के प्रारंभ होने से, पिथौरागढ़ के लोग एक घंटे में देहरादून तक पहुंच सकते हैं। इस सेवा से पिथौरागढ़ की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि पहले हमारे सीमांत क्षेत्रों को वर्षों तक उपेक्षित रखा, जिस कारण इन क्षेत्रों में विकास की गति सीमित रही। आज केंद्र और राज्य सरकार मिलकर सीमांत और दूरस्थ क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में काम कर रही हैं। इसी दिशा में चलते हुए पिथौरागढ़ और मुनस्यारी के बीच भी हेली सेवा प्रारंभ की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पिथौरागढ़ हवाई अड्डे को 450 करोड़ रुपये की लागत से विकसित करने का काम भी कर रही है। इसी क्रम में राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री जी की उपस्थिति में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और उत्तराखंड सरकार के मध्य नैनी सैनी हवाई अड्डे के अधिग्रहण के लिए एमओयू भी किया है, जिससे आने वाले समय में इस क्षेत्र को और भी अधिक फायदा मिलेगा। इस अवसर पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने वीडियो संदेश के जरिए देहरादून- पिथौरागढ़ विमान सेवा के लिए अपनी शुभकामानाएं देते हुए राज्य में हवाई सुविधाओं को बढ़ावा देने का आश्वासन दिया। समारोह में कैबिनेट मंत्री श्री खजान दास, श्री भरत चौधरी, विधायक बृजभूषण गैरोला, पूर्व विधायक श्रीमती चंद्रा पंत, दायित्वधारी हेमराज बिष्ट, एलाइंस एयर के सीएमडी अमित कुमार, उकाडा के सीईओ डॉ. आशीष चौहान, एसीईओ संजय टोलिया मौजूद थे।

**अष्टमी और नवमी पर...**बंगाली कालोनी, मॉडल कालोनी, खेड़ा, रम्पुरा, पहाड़गंज, भदईपुरा, भूत बंगला, सिंह कालोनी, आवास विकास, जगतपुरा, मुखर्जीनगर, ईश्वर कालोनी, आदर्श कालोनी, वैशाली कालोनी, भूरारानी, फुलसुंगा फुलसुंगी, दानपुर, महाराजपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, फ्रेंड्स कालोनी, मटकोटा, ओमैक्स कालोनी, मैट्रोपोलिस आदि आवासीय क्षेत्रों में भी पावन नवरात्र का अष्टमी व नवमी दिवस और श्री रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। वहीं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने अपने निवास स्थान पर श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ कन्या पूजन किया। इस दौरान उन्होंने विधि विधान से नौ कन्याओं का पूजन कर उनके चरण पखारे और उन्हें भोजन कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान राजकुमार ठुकराल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में कन्याओं को साक्षात देवी का स्वरूप माना गया है। नवरात्र के पावन पर्व पर कन्या पूजन का विशेष महत्व है, जिससे समाज में नारी शक्ति के प्रति सम्मान और श्रद्धा का भाव जागृत होता है। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि मां भगवती सभी के कष्टों का निवारण करें और समाज में समरसता व खुशहाली का संचार हो। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने कन्याओं को उपहार भेंट किए और मां दुर्गा की आरती कर लोक कल्याण की प्रार्थना की। **हल्द्वानी** – पावन नवरात्र पर्व यहां सभी मंदिरों में भक्तिभाव से मनाया गया। आज सभी मंदिरों में अष्टमी व नवमी पर श्रद्धालुओं ने कन्याओं का पूजन किया। नगर के श्री सत्यनारायण मंदिर में मुख्य पुजारी चन्द्रशेखर जोशी ने पूजा कराई। वहीं श्री दुर्गा मंदिर, विष्णुपुरी, श्री राम मंदिर, लटूरिया बाबा आश्रम, बेलबाबा मंदिर, श्री कालू सिद्ध बाबा मंदिर, जगदम्बा मंदिर, मां वैष्णों मंदिर, श्री आंवलेश्वर महादेव मंदिर, काली चौड़ मंदिर, मां शीतला देवी मंदिर, श्री शिव मंदिर, श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर आदि मंदिरों में प्रात: से ही मां भक्तों ने पहुंचकर मां की आराधना की।

**बाइक सवार किशोर...**की सूचना मिलते ही सचिन का बड़ा भाई नितिन राठौर, माता-पिता और छोटी बहन बदहवास हालत में अस्पताल पहुंचे। जवान बेटे का शव देख परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल था। सूचना पर समाज सेवी संजय ठुकराल और गगन ग्रोवर भी अस्पताल पहुंचे और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। रात्रि अधिकारी उपनिरीक्षक जीवन सिंह अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और शव को एंबुलेंस के माध्यम से मोर्चरी भिजवाया। बाद में समाजसेवी संजय ठुकराल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, जहां चारों ओर खून बिखरा हुआ था। उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले 5-6 महीनों से हाईवे की सड़क को खोदकर छोड़ दिया गया है। ठेकेदार द्वारा सड़क का निर्माण न किए जाने और सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते क्षतिग्रस्त डिवाइडर की मरम्मत की गई होती, तो आज एक मासूम की जान नहीं जाती। सुबह पोस्टमार्टम हाउस पर लोगों का तांता लगा रहा। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, समाजसेवी सुशील गावा सहित तमाम लोगों ने परिजनों को ढांढस बंधाया।

**गाजेबाजों के साथ...**चौक, बाटा चौक, डीडी चौक, हल्द्वानी रोड़, अटरिया रोड़ मोड़ से गुजरती हुई अटरिया मंदिर पहुंची। जहां मां अटरिया देवी की प्रतिमा को धार्मिक अनुष्ठानों के मध्य मंदिर में विधिवत रूप से स्थापित किया गया। मंदिर में प्रतिमा स्थापना के साथ ही आज से हर वर्ष लगने वाला मां अटरिया मेला भी प्रारम्भ हो गया। जिसमें भारी संख्या में स्टॉल लगाये गये हैं। विधायक शिव अरोरा स्वयं भक्तो के साथ साथ डोले में शामिल हुए ओर डोले को उठाकर अटरिया मन्दिर पहुंचे। विधायक शिव अरोरा ने कहा रुद्रपुर में प्राचीन अटरिया माता मंदिर जिसकी मान्यता बहुत लम्बे समय से चली आ रही है जिनके लाखों भक्त मांनने वाले है। अटरिया मंदिर में लाखो भक्त दर्शन को आते है। उन्होंने कहा इस वर्ष त्रिशूल चौक से अटरिया मन्दिर मोड़ तक चौड़ीकरण सौंदर्यकरण कार्य चल रहा है वही जब अगली बार माँ अटरिया का भव्य डोला निकलेंगा तब यह मार्ग का चौड़ीकरण कार्य हो चुका होगा। जिसके बाद इस मार्ग पर लगने वाले जाम से निजाद मिलेगी। विधायक अरोरा ने कहा अटरिया माता की कृपा से रुद्रपुर क्षेत्र में समग्र विकास कार्य तेज गति से बढ़ रहें है। इस दौरान गिरीश पाल, नत्थूलाल गुप्ता, अनिल शर्मा, गीता शर्मा, सौरभ गुप्ता, शुभम, वीरेंद्र शर्मा, सुग्रीम राव, मनोज मदान, राधेश शर्मा सहित नगर के कई गणमान्य लोग शामिल थे।


**महिला ने घर में ...** जिसमें उन्होंने कहा कि वह अपनी मौत की जिम्मेदार खुद हैं अगर जिंदा रहूंगी तो पागल हो जाऊंगी इससे अच्छा तो मरना ही सही है। ऐसा लिखकर वह फंदे पर झूल गई। बताया जाता है कि बुधवार की रात विमला सती ने अपने 15 वर्षीय बेटे, सास सीला सती के साथ खाना खाया। इसके बाद वह रात 12.30 बजे तक अपने बेटे दक्ष के साथ टहल रहीं थीं। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिवारजनों की मानें तो प्रॉपर्टी डीलर पति कौशल कुमार की एक साल पहले आत्मघाती कदम उठाने पर वह अपने को संभाल नहीं सकीं। उनकी डिप्रेशन की दवाइयां चलतीं थीं। उन्हें रात को नींद नहीं आती थी।

**60 लाख की स्मैक...**कुमार के पर्यवेक्षण में कोतवाली हल्द्वानी पुलिस व एसओजी टीम ने बेलबाबा क्षेत्र में एक संदिग्ध महिला को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान महिला के कब्जे से 203 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 60.90 लाख रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार महिला की पहचान कनिका (40 वर्ष), निवासी शिवनगर ट्रांजिट कैम्प, जनपद ऊधम सिंह नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसके पुराने आपराधिक इतिहास की गहनता से जांच की जा रही है। इस बड़ी सफलता पर एसएसपी नैनीताल ने पुलिस टीम के उत्साहवर्धन के लिए 2500 रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि नशे के सौदागरों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी और भविष्य में भी इस प्रकार की सख्त कार्यवाही जारी रहेगी।

# सात लाख की एडवांस रकम लेकर माल नहीं भेजा

सितारगंज। सिडकुल रोड स्थित शिव ट्रेडिंग कम्पनी के प्रोपराइटर संजीव गोयल ने एक निजी कंपनी पर करीब सात लाख रुपये की धोखाधड़ी और विश्वासघात का गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली सितारगंज में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। प्रार्थना पत्र में बताया गया कि उनकी फर्म एफएमसीजी उत्पादों की डिस्ट्रीब्यूटर्सिप का कार्य करती है और फरवरी 2025 के अंतिम सप्ताह में वी राइड इंडिया मल्टीट्रेड प्रा. लि. के प्रतिनिधि नीरज त्यागी उनसे मिले और डिस्ट्रीब्यूटर बनाने का प्रस्ताव दिया। कंपनी की ओर से अग्रिम भुगतान पर 10 दिन में माल भेजने का भरोसा दिलाया गया, जिस पर विश्वास कर संजीव गोयल ने अपनी फर्म के एसबीआई खाते से कंपनी के खाते में 7,00,000 रुपये एनईएफटी के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। आरोप है कि कंपनी ने 30 मार्च 2025 को केवल 1,43,500 रुपये का ही माल भेजा, जबकि शेष 5,56,500 रुपये का माल न तो भेजा गया और न ही रकम लौटाई गई। लगातार संपर्क करने पर कंपनी के डायरेक्टर शशिकांत यादव द्वारा आश्वासन दिया जाता रहा, लेकिन समाधान नहीं हुआ। इसके बाद प्रार्थी ने 1 अगस्त 2025 को एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई, जिसके चलते कंपनी का बैंक खाता होल्ड हो गया। आरोप है कि बाद में ई-मेल के जरिए कंपनी ने खाता अनहोल्ड कराने का अनुरोध किया और शेष माल भेजने का वादा किया, जिस पर भरोसा कर खाता अनहोल्ड करा दिया गया, लेकिन 28 फरवरी 2026 तक न तो माल मिला और न ही रकम वापस हुई। अब व्यापारी ने कंपनी के संस्थापक राजीव रंजन, डायरेक्टर शशिकांत यादव और प्रतिनिधि नीरज त्यागी पर सुनियोजित धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए पुलिस से मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)




# कोसी नदी में 10 टायरा वाहनों पर रोक से भड़के ट्रांसपोर्टर

रामनगर (उद संवाददाता)। कोसी नदी में खनन निकासी के लिए पंजीकृत 10 टायरा वाहनों पर अचानक रोक लगाए जाने से ट्रांसपोर्टरों में भारी उबाल है। तराई पश्चिम वन विभाग और वन विकास निगम के इस निर्णय के विरोध में वाहन स्वामियों ने अधिकारियों का घेराव कर तीखा विरोध दर्ज कराया। ट्रांसपोर्टरों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि उनके वाहनों को पुनः शुरू करने की अनुमति नहीं दी गई, तो वे उच्च न्यायालय की शरण लेंगे। वाहन स्वामियों ने तराई पश्चिमी वन विभाग की एसडीओ किरण शाह और वन विकास निगम के डीएलएम मुदित आर्य का घेराव करते हुए विभाग के आदेश को तुगलकी फरमान करार दिया। ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि इसी सत्र में विभाग द्वारा इन 10 टायरा वाहनों का विधिवत पंजीकरण किया गया था, लेकिन अब अचानक रोक लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि अधिकांश वाहन स्वामियों ने बैंकों से भारी भरकम लोन लेकर ये गाड़ियां खरीदी हैं। अचानक काम बंद होने से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है और वे वाहनों की किस्त जमा करने में असमर्थ हैं।



वाहन स्वामियों ने अधिकारियों के उस तर्क को भी सिरे से खारिज कर दिया जिसमें कहा गया है कि इन बड़े वाहनों से अवैध खनन और वन संपदा को नुकसान हो रहा है। ट्रांसपोर्टरों ने सवाल उठाया कि जब पूर्व में अन्य छोटे वाहनों से खुलेआम अवैध खनन होता था, तब विभाग के अधिकारी कहां थे। उन्होंने आरोप लगाया कि अवैध खनन का हवाला देकर केवल उनका उत्पीड़न किया जा रहा है जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनकी मांग है कि या तो 10 टायरा वाहनों को अनुमति दी जाए या फिर कोसी नदी में खनन पूरी तरह बंद कर दिया जाए। दूसरी ओर, विभागीय अधिकारियों का कहना है कि 10 टायरा वाहनों के माध्यम से लगातार अवैध खनन की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके चलते सुरक्षा कारणों से इन वाहनों को अस्थाई रूप से प्रतिबंधित किया गया है। अधिकारियों ने ट्रांसपोर्टरों को आश्वासन दिया कि उनके द्वारा दिए गए ज्ञापन से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा और मामले का उचित समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान भारी संख्या में वाहन स्वामी और ट्रांसपोर्टर मौजूद रहे।

# शोक के बीच घर में हुई चोरी, नकदी और जेवर पार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में एक परिवार के यहाँ गमी के माहौल के बीच अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर नकदी और जेवरात चोरी कर लिए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है, जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।जनपद रोड रूद्रा विहार कॉलोनी निवासी निशान्त सिंह पुत्र मेवा सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते 12 मार्च को उनके भाई जगविन्दर सिंह का निधन हो गया था। घर में शोक का माहौल था और रिश्तेदार सांत्वना देने पहुँच रहे थे। इसी क्रम में उनकी सास जोगेन्द्र कौर भी परिवार के साथ घर आई हुई थीं। आगामी 21 मार्च को भाई का दसवां संस्कार नियत था, जिसकी तैयारियों में परिवार व्यस्त था। पीड़ित के अनुसार, 20 मार्च को उनकी सास अपने बच्चों के साथ वापस अपने गाँव चली गईं। उसी रात करीब 4 बजे अज्ञात चोरों ने उनके घर में प्रवेश किया और कमरे में रखे 20 हजार रुपये नकद, चांदी की पायल तथा एक जोड़ी सोने के टॉप्स चोरी कर लिए। घर में हुई इस चोरी का पता चलने पर परिवार के होश उड़ गए। निशान्त सिंह ने बताया कि भाई की मृत्यु के बाद के क्रियाकर्मों और निजी व्यस्तता के कारण वह तुरंत रिपोर्ट दर्ज कराने नहीं आ सके और अपने स्तर पर भी चोरों की तलाश करते रहे। अब पीड़ित ने ट्रांजिट कैम्प पुलिस से अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने और चोरी गया माल बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# चुन्नी मैं बनाई पाई पाई जोड़ के, रख ले तू मान साडा चुन्नी ओढ़ के

## माता रानी की चौकी में भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु, भजनों से किया मां का गुणगान

रुद्रपुर। चैत्र नवरात्र के उपलक्ष्य में आयोजित हो रही माता रानी की चौकी एवं श्री बालाजी दरबार में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर हाजिरी लगाई और मैया रानी का गुणगान किया। नवरात्र के सातवें दिन श्री नीलकंठ धाम मंदिर के तत्वावधान में भगत सिंह चौक स्थित अल्मोड़ा ज्वेलर्स के स्वामी राजीव रस्तोगी के आवास पर भव्य चौकी एवं दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर महामाई और बाबा का गुणगान किया तथा भक्ति में लीन होकर देर रात तक भजनों पर झूमते रहे।कार्यक्रम की शुरुआत ज्योत प्रज्वलन के साथ रस्तोगी परिवार द्वारा की गई। इसके पश्चात गणेश वंदना, श्रीराम स्तुति, हनुमान चालीसा तथा श्री बालाजी महाराज, भैरवनाथ और प्रेतराज की आरती के साथ दरबार का विधिवत शुभारंभ हुआ। भजन संध्या के दौरान माता रानी, भोलेनाथ और बालाजी महाराज के मधुर भजनों ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया।दरबार में भजन गायक विनीत अरोरा ने मेने सब कुछ पाया दाती, तेरा दर्शन पाना बाकी है भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबो दिया। सुमित वार्ष्णेय ने चुन्नी मैं बनाई पाई जोड़ के, रख ले तू मान साडा चुन्नी ओढ़ के तथा बांके बिहारी की अखियां जादू कर गई भजनों से समा बांध दिया।गुड्डू लक्खा ने दर पे बुला रहा है, ये कृपा नहीं तो क्या है भजन गाकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।सौरभ वार्ष्णेय ने फूलों में सज रहे हैं श्री वृंदावन बिहारी और मेरा किसे न पूछया हाल, मां मेनू ला चरणा दे नाल,पवन खनिजो ने मैं तो आया तेरे दरबार बाबा बजरंगी और अपनी पायल का घुंगरू बना लो मुझे भजन गाकर खूब वाह वाही लूटी। दरबार में पहुंचे भक्तों ने सुंदर भजनों का खूब आनंद उठाया और झूमते हुए मैया रानी व बाबा का गुणगान किया।दरबार के दौरान भजनों के बीच गद्दी पर विराजमान महंत विकास शर्मा पर माता रानी और बालाजी महाराज की कृपा प्रकट हुई, जिस पर श्रद्धालुओं ने उनका आशीर्वाद लेकर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इस अवसर पर राकेश भुड्डी,राजीव रस्तोगी,गौरव जुयाल, सचिन खुराना, अजय चड्ढा, संजय ठुकराल,सुशील गाबा, हितेश ठुकराल, अमित अरोड़ा, विवेक दीप सिंह, पम्मी सुखीजा, शिवांश सुखीजा, पारस चुघ, हरवेश मनोचा, संदीप मनोचा, ललित नारंग, सुरेंद्र शर्मा, चंद्रसेन गंगवार,दीपक शर्मा, राजीव मनोचा, पवन खनिजों, पवन रंगीला, मोहित अरोड़ा, विजय तोमर, अनुज पाठक, रोहित मदान, मुकेश शर्मा, अमन खुराना, गौरव खुराना, सोनू, संदीप वाल्मीकि, मुकेश भटनागर, काशीराम, रविंद्र वार्ष्णेय, मीना वार्ष्णेय, यशी वार्ष्णेय, सीमा नारंग, कंचन नारंग, पूनम मदान, नीलू खुराना, गीता शर्मा, भूमिका शर्मा, संगीता बठला, सुमन मनोचा, अनीता मनोचा, विमला, रेशू सक्सेना, श्वेता, नेहा अरोड़ा, प्रिया मनोचा, मोना खुराना, राजेंद्र कौर, इंद्रजीत कौर, मुस्कान खनिजों, सीमा रानी, रामबेटी, चिका शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।







# गुंजन सुखीजा ने कन्याओं का पूजन कर लिया आशीर्वाद

गदरपुर( उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने नवरात्रि के पावन पर्व पर विधानसभा गदरपुर के ग्राम शीतपुरी में आयोजित भव्य कन्या पूजन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस भक्तिमय और आध्यात्मिक आयोजन में क्षेत्र की 301 कन्याएं उपस्थित रहीं, जिनका उन्होंने विधि विधान से पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। गुंजन सुखीजा ने सभी कन्याओं के पैर धोकर और तिलक लगाकर उन्हें उपहार भेंट किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए गुंजन सुखीजा ने कहा कि हमारी संस्कृति में बेटियों को साक्षात देवी का स्वरूप माना गया है। नवरात्रि का यह पावन पर्व हमें मातृशक्ति के सम्मान और



समाज में उनके सशक्तिकरण की प्रेरणा देता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली सरकार की सराहना करते हुए कहा कि सरकार श्बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओश के संकल्प के साथ बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर कार्य कर रही है। 301 कन्याओं की एक साथ उपस्थिति से पूरा वातावरण भक्तिमय और भव्य नजर आया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री मनजीत राजू, एसटी आयोग सदस्य बाबू तोमर, भाजपा जिला मंत्री बिट्टू चौहान, जिलाध्यक्ष एसटी मोर्चा नरेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा महेंद्र कालरा, ग्राम प्रधान दीपक सिंह, चरण सिंह, मंडल अध्यक्ष कर्म सिंह, अजय शर्मा, संजय सिंह सहित भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, बुक्सा समाज के लोग और क्षेत्र के प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। सभी ने इस पुनीत कार्य की मुक्त कंठ से सराहना की और भक्तिभाव के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया।

